दिनांक 26.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत दोनों पालियों में हो रही है बाजार क्षेत्रों की सफाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बाजार क्षेत्रों की सुबह और रात दोनो पालियों में सफाई कराई जा रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सुबह सड़क, नालियों की सफाई के साथ झिल्ली , पन्नी के कचरे का उठाव कर रहे है , ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व सफाई कार्य निर्धारित समय में करने के साथ ही बाजार व सार्वजनिक क्षेत्रों से कचरे का उठाव शीघ्रता के साथ किया जाए ताकि निगम क्षेत्र में कचरे का ढेर जमा न हो पाए तथा नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई के उददेश्य से भिलाई निगम क्षेत्र में सफाई कार्य समय पर किया जा रहा है। निगम क्षेत्र के पाॅवर हाउस स्थित फल व सब्जी मंडी , नंदीनी रोड, सुपेला सब्जी मंडी , लक्ष्मी मार्केट, सुपेला बाजार, केम्प एरिया, नेहरू नगर, सुपेला बाजार, हार्डवेयर लाइन, दक्षिण गंगोत्री, उत्तर गंगोत्री, गोल मार्केट, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, अनाज रोड, लिंक रोड, सेक्टर एरिया के अलावा अन्य बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई किया जा रहा है, ताकि बाजार में आने वाले लोगों को गंदगी के कारण समस्या न हो। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि निगम का सफाई अमला प्रतिदिन अलग अलग वार्डों में रूटचार्ट अनुसार सड़क व नालियों की सफाई करते हैं, कहीं भी कचरा जाम नहीं होने दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहले निगम क्षेत्र में बहुत से ऐसे पॉइंट बन गए थे जहां कचरा का ढेर होता था , निगम की नियमित सफाई अभियान और लोगों की जागरूकता से स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत इन कचरो के ढेर को समाप्त कर स्वच्छ स्थल में तब्दील कर दिया गया है